हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारतीय सेना और विदेश मंत्रालय के संयुक्त विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान की आक्रामक कार्रवाई जारी है। भारत ने जिम्मेदारीपूर्वक पाकिस्तान के हमलों का माकूल जवाब दिया है।सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जो निष्क्रिय कर दिए गए। पाकिस्तान ने चिकित्सा केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान के अग्रिम क्षेत्र में सैनिकों की उपस्थिति बढ रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी क्षति पहुंचाई हैं।

कर्नल सोफिया ने कहा कि पाकिस्तान फर्जी खबरों का सहारा ले रहा है।उन्होंने कहा -

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तानी सेना निरंतर झूठे दावे कर रही है। सिरसा हवाई केंद्र को क्षति पहुंचाने का उसका दावा सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सरकार भी इस दुष्प्रचार का समर्थन कर रही है।

****

भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान द्वारा रात में सिरसा एयर बेस की तरफ छोड़ी गई पाकिस्तानी मिसाइल को नष्ट कर दिया। हमारे संवाददाता ने बताया कि हवा में नष्ट हुई मिसाइल का मलबा खाजाखेड़ा और फिरोजाबाद गांवों के खेतों में मिला। वायुसेना ने मलबे को अपने कब्जे में ले लिया है

****

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह चौकस है। किसी भी तरह से भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

लोग ब्लैकआउट और सायरन को लेकर पूरी जानकारी रखें ।

उन्होंने बताया–

****

सीमा सुरक्षा बल ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स की चौकियों और संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचाते हुए उसी के अनुरूप जवाब दे रहा है।